डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया आश्विन शुक्ल पक्ष 03 - 2083 भोपाल,दिन मंगलवार, दिनांक 13 अक्टूबर, 2026



न्यूज गैलरी

हॉस्टल और अस्पतालों की जमीनी हकीकत जांचने पहुंचे अधिकारी: संभागायुक्त

भोपाल । संभागायुक्त कर्नल्लीर शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण तथा प्रशासन की मुख्य जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संभाग के सभी जिलों के साथ राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों में बेहतर तालमेल, नियमित समीक्षा और समयबद्ध क्रियान्वयन के साथ जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। संभागायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा प्रबंधन और मुख्यमंत्री जन अभियान के अंतर्गत लंबित 50 दिन से अधिक के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने को कहा।

छात्रावार्डन का नियमित निरीक्षण करें एसडीएम एडीएम

भोपाल । में आयोजित समय-सीमा वाली की समीक्षा बैठक के दौरान एडीएम सुश्री चौहे ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में विद्यार्थियों के लिए भोजन व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित रहे, भोजन उच्च गुणवत्तापूर्ण मिले और पानी शुलभूत सुविधाए इनेशा उपलब्ध रहें। बैठक में सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर विशेष जोर दिया गया।

सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत लंबित, भवन अधिकारी को नोटिस

भोपाल । हेल्पलाइन की शिकायत 400 दिन बाद भी हल नहीं होने पर नगर निगम के अपर आयुक्त अमन मिश्रा ने भवन अधिकारी मनोज शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें दो दिन में संबंधित रिकॉर्ड के साथ उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए हैं। जवाब नहीं देने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

नोटिस के मुताबिक, शिकायत क्रमांक 3401902З के निराकरण के एक और आरोपी अभियेक निगम को गिरफ्तार किया है। 20 हजार रुपए का इनामी अभियेक 7 अक्टूबर को देहरादून से पकड़ा गया था। इस मामले में अब तक 25 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।एसटीएफ के अनुसार, वीरा निवासी अभियेक निगम ऑपरेशन और ऑफ-कफ सिरप की अवैध सप्लाई

एसआईआर **एसआईआर के खिलाफ विपक्ष का सुप्रीम कोर्ट तक मार्च**

विपक्षी नेताओं ने मतदाता सची से नाम हटाने में कथित अनियमितताओं का उठाया

डीआर संवाददाता»» भोपाल ।

नई दिल्ली। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष और चुनाव आयोग के बीच टकराव सेज हो गया है। सोमवार को राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और शरद पवार तेजस्वी यादव समेत विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला। विपक्ष ने एसआईआर की प्रक्रिया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को घेरते हुए संसद भवन से चुनाव आयोग तक पैदल मार्च किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की।



विपक्ष ने आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया में संशोधित अनियमितताओं से गरीबों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। याचिका में 11 करोड़ नेताओं के नाम शामिल बताए गए हैं और राहुल गांधी मुख्य याचिकाकर्ता हैं। इससे पहले टीएमसी सांसदों ने दिल्ली के बराकखंभा रोड से सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च शुरू किया, लेकिन उन्हें अदालत से लगभग 500 मीटर पहले रोक दिया गया। रविवार को दिल्ली सांसदों ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को पत्र लिखकर मुलाकात और ज्ञापन सौंपने के लिए समय मांगा था। उन्हें याचिका दाखिल करने की सलाह दी गई थी। इसके बाद विपक्ष ने न्यायिक प्रक्रिया के जरिए लड़ने की मांग उठाई।राहुल गांधी का दावा– ज्ञानेश कुमार ही सीजेआई बनेंगे तो कॉलेजियम की बैठकों को मार्च से पहले राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उनसे कई बार बात करने की कोशिश की है। राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग जो मतदाता सूची से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफा देने की मांग की और राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष इस जुड़े पर पीछे हटने वाला नहीं है। उनके मुताबिक, आंदोलन जरूरत पड़ने पर लंबे समय तक जारी रखा जाएगा। उन्होंने प्रदर्शन को लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा मुद्दा बताया।

सीजेआई बोले– अदालत को राजनीतिक अखाड़ा न बनाए

वहीं मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने प्रदर्शन को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक और राजनीतिक विवाद जारी रह सकते हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट को राजनीतिक अखाड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित जगहों पर कानून के अनुसार प्रदर्शन किए जा सकते हैं, लेकिन अदालत के कामकाज में बाधा नहीं आनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि वकीलों, अदालत के कर्मचारियों और मुकदमों से जुड़े लोगों की आवाजाही प्रभावित नहीं होनी चाहिए। लोकतांत्रिक गतिविधियां कानून के दायरे में रहकर संचालित की जानी चाहिए। दरअसल, प्रदर्शन के दौरान वकीलों को हिंसक से लिए जाने और इंटरनेट सेवाएं निलंबित किए जाने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से याचिका दाखिल किए जाने की जानकारी भी सामने आई। एसआईआर को लेकर विपक्ष की मांग अब न्यायिक प्रक्रिया के जरिए उठाई जा रही है। इस मामले में आगामी सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

शिवराज सिंह चौहान के आरोपों पर सीएम मोहन यादव ने कहा- सरकार मामले को लेकर संवेदनशील

2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित प्रदेश बनाने का लक्ष्य,





डीआर संवाददाता»» भोपाल ।

सीहोर जिले के बुधनी क्षेत्र के कोसगी गांव में वन विभाग और प्रशासन की कार्रवाई को लेकर उठे विवाद की राज्य सरकार जांच कराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्य सचिव को संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए हैं। यह मामला केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बयान और आदिवासियों पर अत्याचार के आरोपों के बाद चर्चा में आया है।

सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर कैबिनेट बैठक की जानकारी देने के लिए आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. यादव ने कहा कि सरकार पूरे मामले को गंभीरता से ले रही है और इस संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस मामले में संवेदनशील है। मुख्य सचिव संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट लेकर जानकारी देंगे। रिपोर्ट के आधार पर मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है। जिलाधिकारी सीहोर की ओर से जांच के निर्देश दिए गए हैं।

दक्षिण भारत में 20 अक्टूबर से विंटर मानसून के आसार

दशहरे से दीपावली के बीच बारिश की संभावना, मप्र में गुलाबी ठंड दस्तक

डीआर संवाददाता»» भोपाल

राडेक्स–दक्षिण मानसून की विदाई के बाद अब सेज से उत्तर-पूर्व मानसून की गतिविधियां शुरू होने की संभावना है। मौसम के अनुमान के मुताबिक, इसकी सुरुआत 20 अक्टूबर के आसपास हो सकती है। इसका असर खासतौर पर तमिलनाडु और तटीय आंध्र प्रदेश में देखने को मिलेगा। इस दौरान राडेक्स भारत में अच्छी बारिश होने के आसार हैं।



मौसम विभाग के अनुसार, इस वर्ष अलनीनो सक्रिय होने के बावजूद अक्त-नवं-दिसं मानसून पर इसका प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका नहीं है। दक्षिण भारत में यह मानसून सोने और चांदी पेंडल जलाशयों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

मध्यप्रदेश में बदलेगा मौसम

एसए भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर मध्यप्रदेश के मौसम पर भी पड़ सकता है। अगले दो दिनों में प्रदेश के संभागों में हल्की से हल्की बारिश की संभावना है। मौसम के अनुसार 20 अक्टूबर के आसपास से पूर्वी मध्यप्रदेश और रतलाम-उज्जैन संभाग में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। भोपाल में दशहरे के आसपास गुलाबी ठंड का अहसास बढ़ने के आसार हैं। हालांकि, दिवालत पूरे प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होने के संकेत नहीं हैं।

तमिलनाडु के लिए अहम मानसून

तमिलनाडु को राडेक्स बारिश का लगभग 48 प्रतिशत हिस्सा अक्टूबर से दिसंबर के बीच उत्तर-पूर्व मानसून से मिलता है। इसके सुखावले खून से दिसंबर तक सक्रिय रहने वाले पश्चिम-पश्चिम मानसून से राज्य को करीब 30 से 35 प्रतिशत बारिश मिलती है। ऐसे में विंटर मानसून का प्रदर्शन राज्य की खेती और जल उपलब्धता के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहेगा।

छह राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्त्यां की गई

बिसेन को उत्तराखंड, दुष्यंत गौतम को सिक्किम और सुधा यादव, कर्नाटक की जिम्मेदारी



डीआर संवाददाता»» भोपाल



बिसेन का राजनीतिक सफर

उत्तराखंड के नए राज्यपाल बनाए गए डॉ. दान सिंह बिसेन मध्यप्रदेश की राजनीति में लंबे समय तक सक्रिय रहे हैं। वे वर्ष 1990 से 2003 तक सिवनी जिले की घरघाट विधानसभा सीट से चार बार विधायक चुने गए। इनके बाद वर्ष 2003 से 2005 तक मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे।

वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर बालाघाट लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हुए। राज्यपाल नियुक्त होने के साथ ही वे सिवनी जिले से इस संवैधानिक पद तक पहुंचने वाले दूसरे प्रमुख नेता बन गए हैं। उनसे पहले कांग्रेस नेता उर्मिला सिंह हिमाचल प्रदेश की राज्यपाल रह चुकी हैं। उन्होंने वर्ष 2010 से 2015 तक यह जिम्मेदारी संभाली थी।

राष्ट्रपति की इन नियुक्तियों के बाद छह राज्यों के राजभवनों में नई जिम्मेदारियों के साथ व्यवस्थापक बदलाव होंगे।

कफ सिरप की अवैध सप्लाई में 25 गिरफ्तारियां

डीआर संवाददाता»» भोपाल

भोपाल। गांधी नगर के पटेल किली में पकड़ी गई नशीले खांसी सिरप की अवैध बी-पैकिंग फैक्ट्री का खुलासा किया था। मौके से 74,164 शीशियां बरामद की गई थीं। जांच के दौरान अवैध कारोबार से जुड़े कई लोगों के नाम सामने आए।देहरादून से गिरफ्तारी के बाद अभियेक को ट्रांजिट वारंट पर भोपाल लाया गया। इसके बाद पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया। एसटीएफ मामले में अवैध सप्लाई नेटवर्क और अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है



गिरफ्तार था। वह राहुल सूरजवाड़ा और सलमर निवासी सोनी जैन के साथ मिलकर अन्य फ्रेंचाइजी आरोपियों तक सप्लाई करता था। गिरोह 200 रुपए तक कीमत वाली कफ सिरप को दोगुने दाम पर बेचता था। कार्रवाई के बाद कथन होने पर डीआईजी राहुल लोढ़ा ने अभियेक पर इनाम घोषित किया था। इसकी गिरफ्तारी के 30 मई 2026 को भोपाल के गांधी नगर थिाना पटेल किली में नशीले कफ सिरप की अवैध बी-पैकिंग फैक्ट्री का खुलासा किया था। मौके से 74,164 शीशियां बरामद की गई थीं। जांच के दौरान अवैध कारोबार से जुड़े कई लोगों के नाम सामने आए।देहरादून से गिरफ्तारी के बाद अभियेक को ट्रांजिट वारंट पर भोपाल लाया गया। इसके बाद पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया। एसटीएफ मामले में अवैध सप्लाई नेटवर्क और अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है

भोपाल में तीन जगह झपटमारी, डॉक्टर की पत्नी समेत तीन लोग बने निशाना

डीआर संवाददाता»» भोपाल

कृष्णपुरी थी तीन अलग-अलग इलाकों में झपटमारी की वारदातें सामने आई हैं। बदमाशों ने एमा के डॉक्टर की पत्नी समेत तीन लोगों को निशाना बनाया। वारदातों में पर्स, मोबाइल फोन और अन्य सामान छीनकर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पहली घटना रात करीब 9.3 बजे डीबी मॉल के पास हुई। एमा के डॉक्टर उमाशंकर त्रिपाठी पार्क और बेटी के साथ कार से लौट रहे थे। उस वक्त एटीएम के सामने खड़ी कार को और उसे चला रहीं रहिला पर सवार दो युवकों ने अचानक उनकी पत्नी का पर्स झपटकर भाग गए। पर्स में दो मोबाइल फोन, बैंक कार्ड और जरूरी दस्तावेज रखे थे।दूसरी वारदात सायंकाल नगर के रात करीब 9.15 बजे हुई। अलकापुरी निवासी 22 वर्षीय अर्पण लाड पहाड़ी वाले गहा मंदिर के पास पैदल जा रहे थे। इसी दौरान सफेद पल्सर एनएस-200 पर आए दो बदमाश उनका आईफोन-17 प्रोमैक्स छिन कीन पर्स भी छीन फरार निकले।

बारिश की संभावना, मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर मप्र कैबिनेटने पारित किया

सीएम डॉ. मोहन यादव बोले- 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराना बड़ी पहल

डीआर संवाददाता»» भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश सरकार ने सोमवार को विशेष कैबिनेट बैठक आयोजित की। बैठक में सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री के अभिनंदन का संकल्प पारित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम हाउस में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में केंद्र सरकार की विभिन्न नीतियों और सुधारों का उल्लेख किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पहले गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण समय बिताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीबों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने सहित कई योजनाएं संचालित की हैं। मुख्यमंत्री ने 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने की पहल का उल्लेख करते हुए इसकी तुलना भगवान श्रीराम के शासनकाल से की।



कई नीतिगत फैसलों का उल्लेख

डॉ. यादव ने कहा कि सकाल में नोटबंदी, जीएसटी एवं सेवा कर (एीएसटी), तीन तलाक कानून, तीन नई न्याय संहिताओं और जम्मू कश्मीर अनुच्छेद 370 जैसे फैसलों का उल्लेख किया गया है। उन्होंने योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग के गठन और प्रगति मंच के माध्यम से परियोजनाओं की समीक्षा जो पी सुशासन से जुड़ी पहल बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने कारोबार को आसान बनाने और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सुधार के लिए प्रयास किए हैं। उनके अनुसार, पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को हटाने के देश में भी बड़ा काम किया गया है। उन्होंने दावा किया कि मध्यप्रदेश में करीब 900 ऐसे कानून निष्प्रभावी किए गए हैं, जिनकी वर्तमान समय में उपयोगिता नहीं रह गई थी।

एसआईआर के मुद्दे पर राहुल गांधी को घेरा

प्रेस ब्रीफिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राहुल गांधी के आरोपों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यदि राहुल गांधी इस प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं, तो उन्हें केरल की सरकार और वहां की राजनीतिक स्थिति पर भी जवाब देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने एसआईआर के मुद्दे पर राहुल गांधी के कल की आलोचना को भी बेमानी बताया।

पानी की कमी से सूखाने की कगार पर धान, हलाली बांध से सिंचाई की मांग

डीआर संवाददाता»» भोपाल

विदिशा जिले में कम बारिश के कारण धान की फसल पर गहराने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। उन्होंने किसानों की फसल बचाने के लिए हलाली बांध से नहरों के माध्यम से तत्काल पानी छोड़ने की मांग की है।

पटवारी के अनुसार, जिले में करीब 76 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल लगी है। विदिशा तहसील में सामान्य से 29 प्रतिशत, गुलाबगंज में 42 प्रतिशत, कुरवाई में 31 प्रतिशत और शमशाबाद में 30 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।



इससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी की जरूरत है।

पटवारी ने बताया कि हलाली बांध में 231.87 मिलियन घनमीटर पानी उपलब्ध है। बांध का जलस्तर 450.29 मीटर है, जबकि पूर्ण जलस्तर स्तर 458.61 मीटर है। उन्होंने सवाल उठाया कि पर्याप्त जल उपलब्धता के बावजूद किसानों को राहत क्यों नहीं मिल रही है।

उन्होंने कहा कि विदिशा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का संसदीय क्षेत्र है, फिर भी किसानों को सिंचाई के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। एक अन्य बयान में पटवारी ने बुधनी के कोसगी गांव में आदिवासी परिवारों के साथ हुई कार्रवाई पर भी सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने प्रभावित परिवारों को न्याय देने और नियमों का उल्लंघन होने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

डिजटन अखबार

डीआर सीहोर

02

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 03- 2083 सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 13 अक्टूबर, 2026

नोटिस जारी कोसमी में आदिवासियों के 12 मकान तोड़ने पर आयोग का नोटिस, तीन दिन में मांगा जवाब

सीहोर में वन विकास निगम की कार्रवाई पर मुख्य सचिव, डीजीपी, कलेक्टर और एसपी समेत संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब

डीआर संवाददाता»सीहोर



जिले के कोसमी गांव में आदिवासी परिवारों के 12 मकान तोड़ने के मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने मध्यप्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। आयोग ने मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), वन विभाग के प्रमुख सचिव, सीहोर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक समेत संबंधित अधिकारियों से तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है। अधिकारियों को कार्रवाई से जुड़े दस्तावेज भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने पर आयोग संबंधित अधिकारियों के समन जारी कर सकता है। यह मामला 11 अक्टूबर को वन विकास निगम की कार्रवाई से जुड़ा है।

आयोग ने अपने नोटिस में वैधिक पारदर्शन से प्रकाशित खबर का भी उल्लेख किया है। मकानों को तोड़े जाने और फसलों को नुकसान पहुंचने के बाद मामला राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर चर्चा में आया था। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि उनके क्षेत्र में गुल्म की वृत्ति और अन्याय की स्वीकार्यता हुई है।

शिवराज ने कहा था– दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

शिवराज ने भोपाल में वन विकास निगम और प्रशासन के किसी भी अधिकारी के गोकुल नहीं होने पर भी नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि मामले की जानकारी मिलते ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी थी। उन्होंने कहा था कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

चौहान प्रभावित परिवारों से मिलने सीहोर गांव पहुंचे थे। उन्होंने कहा था कि लोगों के घर टूटने पर मिल दिए गए, बच्चों के कपड़े दी गई और कुछ तक जो गिड़ी से पास दिया गया। उन्होंने इस कार्रवाई को अमानवीय बताते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

शिवराज ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि वन विभाग की कार्रवाई के बाद ग्रामीण परिवार बेघर हो गए हैं। उन्होंने कहा था कि ऐसे लोगों को बेघर करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट

मामले पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी संज्ञान लिया है। उन्होंने मुख्य सचिव से घटना की रिपोर्ट मांगी है। कांग्रेस नेता ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की है और कार्रवाई को अमानवीय बताया है। कांग्रेस ने इस मामले को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने की भी घोषणा की है।

कांग्रेस ने भी सरकार को घेरा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया था कि शिवराज सिंह चौहान के पहले से रोकने के निर्देश देने के बावजूद कार्रवाई हुई। उन्होंने इसे भाजपा के मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री के बीच टकराव से जोड़ते हुए कहा कि गरीब आदिवासी इसकी कीमत नहीं चुकाएंगे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी आरोप लगाया था कि रात की अंधेरी जीआरएन में आदिवासी परिवार उजाड़ रहे हैं। उन्होंने प्रभावित परिवारों को न्याय और सुरक्षा देने की मांग की थी।

बाइक को कार से टक्कर मारने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार,

पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास के मामले का किया खुलासा

डीआर संवाददाता»सीहोर। कोतवाली पुलिस ने कमिल राठौर की बाइक को कार से पीछे से टक्कर मारने के मामले में मुख्य आरोपी ओमवीर परमार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल सहायी अल्टो कार भी जब्त की है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, बाइक को जान से मारने की नीयत से कार से टक्कर मारी गई थी।



चश्मदीदों के बयान पर दर्ज हुआ मामला

पुलिस के मुताबिक, 6 अक्टूबर को सामने में मारी हायन कर खाद शुरू की गई थी। जांच से दौरान सकलोदय चक्कर निवेश राठौर और साक्षा उप के बयान लिए गए। इन बयानों के आधार पर अतिरिक्त अन्य धारा जोड़ते हुए दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की।

सीसीटीवी फुटेज से जुटाए सुराग

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने निर्देश पर पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, घुलाया के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी ओमवीर परमार और उसके साथियों विनेश नेवाल (21) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, घुलाया के दौरान विनेश नेवाल ने कमिल राठौर की बाइक को पीछे से कार से टक्कर मारने की घोषणा के संबंध में स्वीकारोक्ति दी। इसके बाद आरोपियों की निशानदेही पर कार्रवाई में इस्तेमाल सफेद अल्टो कार भी जब्त की गई।

चोट में पेश किए जाएंगे

पुलिस ने विस्तार पीछे आरोपियों को गवाहजन में पेश किया है। मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

न्यूज गैलरी

16 अक्टूबर को पिपलानी में जन विश्वास शिविर

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 16 अक्टूबर को गेरुआ विकासखंड के ग्राम पिपलानी में शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना व ग्राम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

रोजगार मेला आज, 1500 से अधिक पदों पर भर्ती

सीहोर। जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार स्वरोजगार एवं आईटीआई के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 13 अक्टूबर सुबह 11 बजे जनपद पंचायत कार्यालय आष्टा में युवा समग्र रोजगार, स्वरोजगार एवं आईटीआई मेले का आयोजन होगा। इसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 1500 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी।

विस्फोटक सामग्री के निर्माण के आवेदन 12 से

सीहोर। विस्फोटक सामग्री के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय तथा घोल पटाखे विक्रय के लिए एकीकरीकृतपुलिस से संबंधित सेवाओं को एनपी ई–सर्विस पोर्टल के माध्यम से पूर्णत: ऑनलाइन प्रदान किया जा रहा है। आवेदन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान 12 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक किया जा सकेगा।

अमानक कीटनाशक की बिक्री पर प्रतिबंध

सीहोर। खरीफ वर्ष 2026 में कीटनाशकों की गुणवत्ता जांच के दौरान कार्बन्डाजिम 12 प्रतिशत, मैंकोजेब 63 प्रतिशत डब्ल्यूपी का नमूना अमानक पाया गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सीहोर ने संबंधित कीटनाशक के क्रय–विक्रय एवं भण्डारण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेश के अनुसार, मेसर्स श्रीराम कृषि सेवा केंद्र, खन्नौड़ा, से लिए गए नमूने का परीक्षण किया गया था। जांच रिपोर्ट में नमूना अमानक पाया

धरने और मीडिया में बयान देने से समस्या हल नहीं होगी, प्रभावित परिवारों के मामले में लें नैतिक जिम्मेदारी, राजीव गुजराती

डीआर संवाददाता»सीहोर



बुधनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोसमी में आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े जाने और फसलों को नुकसान पहुंचाने का मामला अब राजनीतिक तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए उनसे नैतिक जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा देने की मांग की है।

गुजराती ने कहा कि केवल धरने पर बैठने, मीडिया में बयान देने और विदेश जाने से प्रभावित परिवारों की समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने याद दिलाया कि जब शिवराज सिंह चौहान वर्तमान 18 वर्षों तक लगातार मुख्यमंत्री रहे और लंबे समय तक मुख्यमंत्री निवास सहित पूरे प्रदेश में प्रशासनिक नियंत्रण उनके पास था, तब भी यदि इसी क्षेत्र के आदिवासी परिवारों को अपने मकान और फसलें बचाने जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, तो इसकी जिम्मेवारी कौन लेगा?

दोस कदम उठाने की मांग

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मांग की शिवराज सिंह चौहान को प्रभावित परिवारों के पास्ते में संयुक्त बयान देने तथा सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके हित में दोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सरकार ने मंत्री होने के नाते शिवराज सिंह चौहान को इस मामले में अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए।

गुजराती ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सीधे से संबोधित करते हुए कहा कि शिवराज सिंह चौहान से जवाबदेही तय करने की मांग की। उनके अनुसार, प्रभावित परिवारों को स्थाई ठिकाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं के साथ मकान स्थाई प्रयास किए जाने चाहिए।

मकानों की कार्रवाई पर बढ़ा राजनीतिक विवाद

ग्राम कोसमी में वन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े जाने और फसलों को नुकसान पहुंचने के बाद मामला अधिक गरमा गया है। इस घटनाक्रम को लेकर भाजपा और कांग्रेस नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला भी तेज हो गया है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मामले में वन विभाग की कार्रवाई के दौरान आदिवासी परिवारों के मकान तोड़े जाने और फसलों को नुकसान पहुंचने के बाद सामना आई थी

डीआर सीहोर

03

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 03- 2083 सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 13 अक्टुबर 2026

न्यूज गैलरी

विरोध जताया बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, एसडीएम कार्यालय पर की नारेबाजी

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अधिकारियों को दो दिन में व्यवस्था सुधारने की मोहलत दी

डीआर संवाददाता>>आष्टा



क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती के विरोध में सोमवार को कांग्रेस ने प्रदर्शन कर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। वहीं, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बिजली कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर कटौती पर नाराजगी जताई और दो दिन में व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत की जाएगी।

पूर्व चेयरमैन अल्पसंख्यक जिलेश शेरानीवाले, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष महेश मुंदीवाले और नगर अध्यक्ष जावेद गुड्डू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट चौराहे पर एकत्रित हुए। यहां से रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने बिजली कटौती के विरोध में नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा। इसमें अघोषित कटौती बंद करने, घर पर बिजली बिलों में राहत देने और किसानों व आम नागरिकों को एक माह के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान पुरुषोत्तमदास टी. मोहन यादव और मालवा सरकार के सिलसिले भी नारे लगाए गए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बिजली कटौती से किसान, व्यापारी, शिक्षार्थी और आम नागरिक परेशान हैं। इस से बार-बार बिजली जाने से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है। सोयाबीन कटाई के मौसम ने खलिहानों में पर्याप्त रोशनी नहीं होने से चोरी की आशंका भी बनी हुई है।

अधिकारियों के साथ बैठक कर जताई नाराजगी

इस बीच क्षेत्रों में लोड शेडिंग के नाम पर हो रही लगातार की शिकायतों के बाद विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बिजली कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि आष्टा चेयानसमा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति का वर्गीकरण इस तरह बनाया जाए, जिससे किसानी, पेयजलापूर्ति और शासकीय जो लेकरानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को दो दिन में व्यवस्था सुधारने की मोहलत दी।

कटौती जारी रही तो थाली-ढोल बजाकर करेंगे प्रदर्शन

एआईसीसी सदस्य हरनाम ठाकुर, जिला कांग्रेसी सोनकेडी और महेश मुंदीवाले ने चेतावनी दी कि यदि बिजली कटौती बंद नहीं हुई तो कांग्रेस विधायक, सांसद, कलेक्टर और एसडीएम के निवास के सामने थाली-ढोल बजाकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करेंगे। नेताओं ने इसे संभोषणी तरीके से आंदोलन चलाने की बात कही।

प्रदर्शन में जगत सिंह पटलवान, गुलाब बाई ठाकुर, अरविंद सेमली, घनश्याम जानता, राजवर खान, राजकुमार मालवीय, खतिब पठान, महेश लुहाराह, रईस पठो, महेश वर्मा, जी. एलाह, रवि रंकर सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

251 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकालकर कुलदेवी को चढ़ाई

डीआर संवाददाता>> जावर



नवरात्रि के पावन पर्व पर जावर नगर में धार्मिक आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। चौरसिया परिवार ने कुलदेवी मां महिषासुर मर्दिनी के प्रति श्रद्धा अर्पित करते हुए 251 फीट लंबी चुनरिया यात्रा निकाली गई। यात्रा में जावर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए चौरसिया परिवार के पुरुषों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर में जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। चुनरिया यात्रा का शुभारंभ जावर सोसायटी से हुआ।

यात्रा में बैंड बाजे, घोड़ी और आकर्षक वेशभूषा के साथ हनुमान जी एवं मां जगदी वानर सेना के मनमोहक स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। धार्मिक जयकारों और भक्तिमय माहौल के बीच निकली यात्रा ने पूरे नगर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। 251 फीट लंबी चुनरिया के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने स्वागत कर अपनी आस्था व्यक्त की चुनरी यात्रा माता मंदिर जावर पहुंची जहां माता जी कोचुनरी अर्पण की गई और फिर महाप्रसादी का वितरण हुआ। मुख्य बाजार में पूर्व नगर अध्यक्ष शैलेश कुमार बैद ने मालवीय समाज के बीरसिंघा परिवार द्वारा निकाली गई विशाल चुनरिया यात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागतकिया। यही सेन समाज, अखिल भारतीय बलाई समाज, महेश्वरी समाज, जैन समाज, हिन्दू उत्सव समिति, भाजपा मंडल, जावर नगर परिषद, जावर बजरंग दल, जावर मालवार, समाज सराय, समाज बराज अरसेसाजगेटी जावर द्वारा चुनरी यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

16वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग के दिशा-निर्देश

डीआर संवाददाता>>सीहोर



जिला पंचायत अध्यक्ष राजा सुरेंद्र मेवाड़ा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजन सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न निर्वाचित कार्यों की समीक्षा की गई तथा 16वें वित्त आयोग के अनुदान के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई।

जिला पंचायत सीईओ सलोनी सक्सेना ने बैठक के एजेंडे पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अनाबद्ध अनुदान से पीएचई, सड़क, नाली, खेल मैदान, पुलियानिर्माण और स्वास्थ्य संबंधी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

बैठक में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति, जल संरक्षण जैसी दीर्घकालीन आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इस राशि का उपयोग पंचायत राज संस्थाओं के माध्यम से किया जाएगा।

नि:शुल्क कोचिंग में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



डीआरसंवाददाता>>सीहोर

शासन द्वारा संचालित लाइब्रेरी में 45 दिन निशुल्क कोचिंग कक्षाएं चल रही हैं। सीहोर की लाइब्रेरी प्रभारी अधिकारी की ओर प्रतियोगिता में भाग ले चुके छात्रों से प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान छात्रों को पढ़ाई और उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी के संबंध में जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में कुल 45 विद्यार्थियों ने भाग लि

डिजीटल अखबार

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ

आश्विनी शुक्ल पक्ष-3 -2083 विदिशा,दिन मंगलवार,दिनांक, 13 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

जागरूकता शिविर में 80 लोगों ने लिया प्रशिक्षण

विदिशा। राष्ट्रीय संकल्प अभियान के तहत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 12 अक्टूबर को शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिरोंज में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किए गए। इसमें छात्र-छात्राओं और अन्य हितग्राहियों को यातायात नियमों, दुर्घटनाओं से बचाव और सुरक्षित वाहन संचालन की जानकारी दी गई। साथ ही लर्निंग लाइसेंस बनवाने की ऑनलाइन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में बताया गया। प्रतिभागियों को हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की समझाइश दी गई। दोनों शिविरों में करीब 80 लोगों ने प्रशिक्षण लेकर लर्निंग लाइसेंस सुविधा का लाभ लिया।

कहानियांे के जरिए जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार

विदिशा। राष्ट्रीय संकल्प अभियान के तहत जिले में चलाई सेवा–अनेकों कहानियां कार्यक्रम अंतर्गत 48 नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। 29 और 30 सितंबर तथा 3 और 5 अक्टूबर को नगरीय निकायों एवं जनपद बेड़ों में आयोजित प्रस्तुतियों में 37 नाटक टोलियों के करीब 500 कलाकारों ने भाग लिया। कलाकारों ने स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, जनकल्याणकारी योजनाओं और नागरिक कर्तव्यों के प्रति लोगों को जागरूक किया। नाटकों में गुजरात भूकंप, सर्जिकल स्ट्राइक, कोविड टीकाकरण, डिजिटल भुगतान और सौर ऊर्जा जैसे विषयों को भी दर्शाया गया। आरजीएम जनकल्याण समिति ने जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजन किया। प्रस्तुतियों का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ हुआ।

हितग्राहियों को मिली निःशुल्क रजिस्ट्री

विदिशा। स्वामित्व योजना के तहत सेमलखेड़ी ग्राम भटौंदी और आदमपुर में कार्यक्रम आयोजित कर पात्र हितग्राहियों की निःशुल्क स्वामित्व रजिस्ट्री बनाई गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कर्नल सुनील जैन की उपस्थिति में हितग्राहियों को रजिस्ट्री प्रदान की गई। आदमपुर निवासी मोतीराम जिला पंचायत सिंह और हाकम खान सिंह उमर खान रजिस्ट्री मिलने पर प्रसन्न नजर आए। एडीएम जैन ने बताया कि योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराना है। उन्होंने पात्र हितग्राहियों से शिविरों में पहुंचकर योजना का लाभ लेने की अपील की।

भूमि पट्टे, मुआवजा और रोजगार की मांग को लेकर कांग्रेस का धरना

प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम, मांगें पूरी नहीं होने पर प्रभावित परिवारों के साथ व्यापक आंदोलन की

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



आदिवासी परिवारों को भूमि के पट्टे देने, बेरवाली की कार्रवाई रोकने, फसल नुकसान का मुआवजा दिलाने, सड़क निर्माण और बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग ने सौंपा दिया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने विभिन्न वर्गों की समस्याओं को उठाते हुए प्रशासन को शासन स्तरीय और मांगों के निराकरण के लिए सात दिन का समय दिया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग संयुक्त विभिन्न वर्गों के सभी वंचित लोगों को उनके अधिकार मिलने चाहिए। ज्ञापन में पान सागरीत खंड, हिनौतापुर और अन्य संबंधित क्षेत्रों की भूमि के रिकॉर्ड दुरुस्त कर पात्र हितग्राहियों को पट्टे आवंटित करने की मांग की गई। इसके साथ ही बासौदा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक निर्मल जैन द्वारा विभिन्न वर्गों के लोगों को आवंटित भूमि के संबंध में कथित बेदखली की कार्रवाई रोकने और पात्र परिवारों को दोबारा पट्टे देने की मांग रखी गई।

50 भील आदिवासी परिवारों की समस्या उठाई

ज्ञापन में झाबुआ और धार जिले के 50 भील आदिवासी परिवारों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस के अनुसार, ग्यारसपुर तहसील के ग्राम हिनौतापुर और गोरखेड़ी पठार क्षेत्र में ये परिवार खेती करने के साथ मवेशी पालन कर रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की कि पात्र परिवारों को भूमि के पट्टे देकर उनके हकों का अभिलेख सुनिश्चित किया जाए।

सड़क निर्माण और रोजगार के अवसर बढ़ाने की मांग

कांग्रेस ने ग्यारसपुर बस स्टैंड से भाटखेड़ी मंदिर तक क्षतिग्रस्त सड़क के स्थान पर पक्की सड़क बनाने की मांग की। नेताओं का कहना था कि सड़क की खराब स्थिति से लोगों को परेशानी होती है, इसलिए निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

इसके अलावा पढ़ाई पूरी करने के बाद भी रुकावटी नौकरी से वंचित मेरीटधारी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और उनका पंजीयन ग्यारसपुर की 21 पंचायतों के 223 गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए गरीब नदी उपलब्ध कराने की मांग की गई। कांग्रेस ने इसे शासकीय क्षेत्रों में रोजगार और आर्थिक गतिविधियां तथा बढ़ावा देने से जुड़ा मुद्दा बताया।

सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन

कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रभावित परिवारों के साथ धरना देकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांगों की अनदेखी होने पर उत्पन्न स्थिति की जिम्मेदारी प्रशासन-प्रशासन की होगी।

धरने में विधा कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं पूर्व पालक अरुण अवस्थी, जैन भारद्वाज, रुपसिंह चंद्रावत, सुरेंद्र चौधरी, जसवार सिंह अहिरवार, रेखा कई आदिवासी, ठाकुर सिंह आदिवासी, दुर्गाबाई आदिवासी, जसवंत आदिवासी, मुरीलाल, रमता बाई, सुमित्रा बाई, टीकली बाई, गायत्री आदिवासी, रत्न सिंह भील, फूल सिंह आदिवासी, राजू मणि आदिवासी, आदिवासी, और मांगू सहित अनेक कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

20 हजार जमा करने के बाद फिर आया 22 हजार का बिल



डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

बिजली के भारी-भरकम बिलों से परेशान उपभोक्ताओं की समस्याएं सामने आ रही हैं। सेमलखेड़ी निवासी आदिवासी अपनी परेशानी लेकर बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचे। उनके अनुसार, पहले 20 हजार रुपए का बिल जमा करने के बाद दोबारा 22 हजार रुपए का बिल आ गया। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के लिए बार-बार इतनी बड़ी राशि जमा करना मुश्किल हो रहा है। बताया गया कि रहीम नगर आंगरी कचिंत तीर पर सत्संग की गोली लेकर कार्यालय पहुंचे थे। परिवार की आर्थिक परेशानी के बीच ये बिजली बिल का समाधान चाहते हैं। अन्य उपभोक्ताओं ने भी बढ़े हुए बिलों को लेकर शिकायतें की हैं।

पुराने मीटर से कम, अब हजारों में बिल

शहर की उपभोक्ता अनीता कुशवाह के मुताबिक, पुराने मीटर से 200 से 300 रुपए तक बिल आता था, जबकि अब बिल बढ़कर 1500 से 2000 रुपए तक पहुंच रहा है। वहीं, मजदूरी कर प्रतिदिन करीब 200 रुपए कमाने वाली एक महिला ने भी बताया कि 22 हजार रुपए का बिल जमा करने के बाद दोबारा इतनी ही राशि का बिल आया। उपभोक्ता बिल की गणना और मीटर रीडिंग की जांच कराने की मांग कर रहे हैं।

विभाग ने बताई बिल बढ़ने की वजह

विद्युत विभाग के विदिशा टाउन मैनेजर सतीश अग्रवाल के अनुसार, गर्मी में कूलर सहित अन्य उपकरणों के इस्तेमाल से बिजली की खपत बढ़ी है। कुछ उपभोक्ता 150 यूनिट तक मिलने वाली सब्सिडी के दायरे से बाहर होने के कारण भी अधिक बिल का सामना कर रहे हैं। समाधान योजना की किस्त जमा नहीं करने पर बकाया राशि एक साथ जुड़ सकती है।

हजारों का बिल देख टूट परिवार, सेल्फॉस की गोली लेकर बिजली घर पहुंचे

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा



बिजली के भारी-भरकम बिल से परेशान एक परिवार के बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हजारों रुपए का बिल आने से परेशान पति-पत्नी सेल्फॉस की गोली लेकर बिजली घर पहुंच गए। गिरती अस्पताल में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने वाले उपभोक्ता ने इतनी बड़ी राशि चुकाने में असमर्थता जताई।

बिजली विभाग के अधिकारी सनी दरीसे के अनुसार परिवार ने कई महीनों से बिल जमा नहीं किया था, जिससे बकाया राशि बढ़ गई। हालांकि बिल की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। इधर स्मार्ट मीटर लगने के बाद बढ़े बिलों को लेकर अन्य उपभोक्ता भी शिकायत कर रहे हैं। उपभोक्ता अनीता सूलकार ने बताया कि पहले उनका बिल 220 से 332 रुपए आता था, जो अब बढ़कर 1503 से 2000 रुपये तक पहुंच गया है। उपभोक्ताओं ने बिलों की जांच कर समाधान करने की मांग

सेमलखेड़ी जैन तीर्थक्षेत्र में तोड़फोड़ और लूटपाट से समाज में आक्रोश

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



पुलिस ने सोमवार को डाकन डुगर की अंडेद रुपरेखी से जुड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए गंजबासौदा के एक मोबिलिंग संचर के सेमलखेड़ी जैन तीर्थक्षेत्र में 8-10 अक्टूबर की रात तोड़फोड़ और लूटपाट की घटना के विरोध में में सोमवार को विदिशा जैन समाज ने ज्ञापन सौंपा। 2तिलक

तारणपंथी पहाड़ी पर स्थित गुफा में अज्ञात लोग दीवार तोड़कर घुसे। उन्होंने गेंग गेट का ताला भी तोड़ा। शिकायत की अध्यक्षकारी जी को नुकसान पहुंचाया। कान पेटी में रखी नकद निकाल ली।

जैन समाज के पदाधिकारी कपिलेन्द्र जैन ने बताया कि तारणपंथी पहाड़ी पर स्थित प्राचीन श्वेतपुंज तारण तरण स्वामी जी की तपोभूमि से जुड़ा है। यह स्थान मुख्य क्षेत्र से थोड़ी दूरी पर स्थित है। समाज के पदाधिकारियों ने कलेक्टर-एसपी से ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

सकल दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारी बसंत जैन ने कहा कि सेमलखेड़ी जैन तीर्थक्षेत्र में हुई घटना से समाज के लोग दुखी हैं। इसी मामले में कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा। संकल्प जैन ने जिले में नशे के अवैध कारोबार और धार्मिक स्थलों पर चोरी की घटनाओं को लेकर भी चिंता जताई।

उन्होंने पुलिस प्रशासन से नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। एसडीपीओ अतुल सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रखरखाव-आज दो घंटे बिजली बंद रहेगी

विदिशा शासकीय मेडिकल हॉस्पिटल परिसर में विद्युत कार्य की पहली 13 अक्टूबर को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। एई सती वर्गीस ने बताया कि 33 केवी क्रिटिनिया फीडर पर खराब केबल किट की जगह नई एचवी जंक्शन किट लगाए जाएंगे। इससे क्रिटिनिया, पीएस जंक्शन बायरी, एमपी पेपर मिल सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। कार्य की अवधि बदल सकती है। काम पूरा होते ही सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

कांच मंदिर से लोहांगी पहाड़ी तक निकली भव्य ध्वज यात्रा, जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।





श्री अग्रसेन सेवा समिति के तत्वावधान में शोभायात्रा को शहर में भव्य स्वरूप में निकाली गई। शोभायात्रा दोपहर विजय स्तंभ मंदिर से शुरू हुई यात्रा में सैकड़ों महिला और पुरुष श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर शामिल हुए। यात्रा के आगे-आगे रथारूढ़ हुए श्रद्धालु शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लोहांगी पहाड़ी स्थित श्री अग्रसेन मंदिर पहुंचे।

यात्रा मंदिरगंज चौराहा, रेलवे स्टेशन, पुरानी अस्पताल रोड, गीतांजलि, गार्डी चौक, तिलक रोड और सिकरा कुआ मार्ग से होकर गुजरी। मार्ग में जगह-जगह व्यापारियों और समाजसेवियों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

कई वर्षों से निकाली जा रही यात्रा

श्री अग्रसेन सेवा समिति की ओर से पिछले कई वर्षों से ध्वज यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन महिला सिंह और उनकी टीम द्वारा किया जाता है। यात्रा में महिलाओं की बड़ी भागीदारी रही। श्रद्धालु ध्वज लेकर यात्रा के जयकारे लगाते हुए लोहांगी पहाड़ी चढ़ी और बड़ी के साथ यात्रा ने समाप्ति की।

समिति के पदाधिकारी और श्रद्धालु रहे मौजूद

यात्रा में नगरसमिति अध्यक्ष सलोना दीक्षित, उषा तोकानी, संयोजक अनीता गोयलगुप्ता, अनामिका मंत्री, उषा श्रीवास्तव, रश्मि पांडेय, छाया पांडेय, पायल गोयल और रजनी साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

भावांतर योजना: पंजीयन 17 तक होंगे 84 समितियों पर पंजीयन

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

सोयाबीन उत्पादक किसानों को भावांतर योजना का लाभ दिलाने के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया जारी है।

खरीफ वर्ष 2026-27 के लिए पंजीयन 3 अक्टूबर से शुरू हो चुका है। इसकी अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। किसानों से राजस्व-दीनों में गंजीयन कराने की अपील की गई है। योजना के तहत मंडी में सोयाबीन का भाव समर्थन मूल्य से कम रहने पर निर्धारित प्रावधानों के अनुसार मूल्य अंतर की गंजीयन संबंधी समस्याओं के हल के लिए कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 225 में कंट्रोल रूम बनाया गया।

प्रति डीडीटी के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। इससे किसानों को बाजार भाव कम मिलने की स्थिति में आर्थिक सहायता मिल सकेगी।

जिले में पंजीयन के लिए 84 सेवा सहकारी समितियों में निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा किसान सहकारिता ऑनलाइन किऑस्क, कॉमन सर्विस

स्वागत

साकेत के खिलाड़ियों ने जीते 13 पदक, विदिशा में चौंपियनों का भव्य स्वागत

राज्य स्तरीय थांगता प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण, 9 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल किए,

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा



19वीं राज्य स्तरीय खेलो खेलो थांगता प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लौटे खेलते हुए ओरिएंटल्यूशन के खिलाड़ियों का सोमवार को विदिशा में भव्य स्वागत किया गया। पैंया में 5 से 10 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में संस्था के 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने कुल 13 पदक जीतकर विद्यालय और जिले का गौरव बढ़ाया। इनमें 2 स्वर्ण, 9 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। इसके अलावा 14 वर्ष बालिका वर्ग में द्वितीय और 17 वर्ष बालक वर्ग में तृतीय स्थान की ट्रॉफी भी विद्यालय ने हासिल की।

रेलवे स्टेशन से विद्यालय तक निकाला विजय जुलूस

प्रतियोगिता से लौटने पर विदिशा पहुंचने पर रेलवे स्टेशन पर फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों के साथ स्टेशन से विद्यालय तक विजय जुलूस निकाला गया। स्वर्ण पदक विजेताओं को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए संस्था के पदाधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अंश और वाशिका ने जीते स्वर्ण पदक

प्रतियोगिता में अंश तिवारी और वाशिका कुशवाहा ने स्वर्ण पदक जीतकर उपलब्धि हासिल की। रजत पदक जीतने वालों में ऐश्वर्या गहू, देव यादव, पूनम रजकूल, तरुण सोना, पीयू, चित्र रघुवंशी, वर्षीका पटेल, सौम्या पिटर, इशिका रजकूल और पुर्णेश रघुवंशी शामिल हैं। यही गौरी रघुवंशी और रोजल सैना ने कांस्य पदक अपने नाम किए।

इसके अलावा अंशू ठक्कर खान, प्रगत शर्मा, तेजू उपाध्याय, अक्षत तिवारी और ईशा गहू ने प्रतियोगिता में सहभागिता की।

संस्था प्रबंधन ने दी बधाई

आयोजन समिति ने संस्था संचालक डॉ. सुनील पोद्दार, सचिव विनू रजक एवं उपाध्यक्ष प्रकाश सर्राफ, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंबेर, विद्यालय के अभिभावक और नगर के गणमान्य नागरिक पीयूष रहे। संस्था संचालक डॉ. सुनील पोद्दार ने सभी चयन किए खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

तैराकी प्रतियोगिता में ओलंपस हाई स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 6 पदक

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा



नटेरन में 9 से 10 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में ओलंपस हाई स्कूल, विदिशा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के तैराक अभिनव कुशवा और एकल सिंह ठाकुर ने कुल छह पदक जीतकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। दोनों खिलाड़ियों ने आगामी राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया है।

प्रतियोगिता में अभिनव कुशवा ने 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में रजत और 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में कांस्य पदक जीता। वहीं, एकल सिंह ठाकुर ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक हासिल किया। उन्होंने 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 4 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले और 4 100 मीटर मेडले रिले में कांस्य पदक जीतकर कुल चार पदक अपने नाम किए। दोनों खिलाड़ी विद्यालय के रिमिंग पूल और इनडोर एकेडमी में नियमित अभ्यास करते हैं।

उनकी सफलता पर विद्यालय के डायरेक्टर मोहित रघुवंशी, एकेडमिक डायरेक्टर प्रायी रघुवंशी और प्रायार्या निशा सिंह ने बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

तैराकी प्रशिक्षक स्नेहा सुजला ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

05

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

आश्विनी शुक्ल पक्ष-3 -2083 राजगढ़,दिन मंगलवार,दिनांक 13 सितंबर ,2026

न्यूज गैलरी

पेट्रोल पंप के बाहर खड़े ट्रक में घुसी कार, तीनों युवक सुरक्षित

सारंगपुर। थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह भोपाल से नलखेड़ा दर्शन करने जा रहे तीन युवकों की कार जिनमें पेट्रोल पंप के बाहर खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि कार में सवार तीनों युवकों को गंभीर चोट नहीं आई और तीनों युवक सुरक्षित रहे। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कार की हालत देखकर लोगों ने यही कहा कि युवकों को सुरक्षित होने से राहत मिली। हादसा किन कारणों से हुआ, इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

शिक्षक के खाते से 68 हजार रुपये निकले

अशोकनगर। ईसागढ़ के शासकीय माध्यमिक विद्यालय कुम्हारिया में पदस्थ शिक्षक वीरेंद्र सोलंकी साइबर ठगी का शिकार हो गए। उनके बैंक खाते से 68 हजार रुपये निकाल लिए गए। शिक्षक के अनुसार, 3 अक्टूबर 2025 को दोपहर करीब 12:30 से 1:30 बजे के बीच विद्यालय में उनका मोबाइल अचानक हैंग होकर बंद हो गया। फोन की स्क्रीन काली पड़ गई और मोबाइल अपने आप रिसेट हो गया। दोबारा चालू करने पर बैंक खाते से 35 हजार और 33 हजार रुपये निकाले जाने की जानकारी मिली। दोनों लेनदेन यूपीआई से हुए। शिक्षक ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

5 दिवसीय श्रीराम महायज्ञ एवं रामकथा महोत्सव शुरू

पिपर्ई। नगर के रामलीला मैदान में सोमवार को पांच दिवसीय श्रीराम महायज्ञ, रामकथा एवं श्री बालाजी महाराज प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। गाजे-बाजे, मनमोहक झांकियों और कलशों की धुन पर निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सिर पर मंगल कलश लिए महिलाएं और जय सियाराम के नारे लगाते श्रद्धालु नगर भ्रमण पर निकले। जगह-जगह रंगोली सजाकर और पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने भी श्रद्धालुओं पर फूल बरसाकर अभिनंदन किया और मंदिर निर्माण के लिए दान राशि भेंट की। यात्रा के यज्ञ स्थल पहुंचने पर वेदपाठी ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना व मंडप प्रवेश कराया।कार्यक्रम महामंडलेश्वर श्री बीलाराम जी दास ने श्रद्धालुओं से धर्म लाभ लेने का आह्वान किया।

सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में राजगढ़टॉप-10 में, आधार ई-केवाईसी में तीसरा स्थान

लंबित शिकायतों पर जताई नाराजगी, चार अधिकारियों पर 2-2 हजार रुपए जुर्माना लगाने के कलेक्टर के निर्देश

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़।

राजगढ़ जिले ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रदेश के टॉप-10 जिलों में और समग्र आधार ई-केवाईसी में टॉप-3 में स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर डॉ. गिरीष कुमार मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। सोमवार को उनकी अध्यक्षता में समग्र सीएम बैठक और जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें लंबित शिकायतों, जनविश्वास अभियान, कानून-व्यवस्था और आधार संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने कहा कि जिले को बेहतर स्थिति में बनाए रखने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करना होगा। उन्होंने 100 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने और किसी भी शिकायत को बिना कार्रवाई के "निराकृत" में लागूकरने पर जिला परिवेदना समाधान (डीपीसी) की भी बैठक जारी करने के निर्देश दिए गए।



चार अधिकारियों पर जुर्माने के निर्देश

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में खराब प्रदर्शन पर चार अधिकारियों के खिलाफ प्रति अधिकारी 2 हजार रुपए जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए। इनमें ब्यावरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद, पचोर के तहसीलदार अलकेश गजवंश, खिलचीपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अलमेश सनोधिया और सारंगपुर के तहसीलदार दीपेश जैन शामिल हैं।

जनविश्वास अभियान के तहत पक्षपातपूर्ण विपाल की सात दिनों में 13 शिकायतें तय निराकरण नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। आदान सब्जी 10 शिकायतें लंबित रहने पर उकावद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष के प्रति नाराजगी जताई गई। किसानों के कब्जेधारी पर दिया परिवेदना समाधान (डीपीसी) की भी बैठक जारी करने के निर्देश दिए गए।

नवरात्रि में कानून-व्यवस्था पर जोर

कलेक्टर ने नवरात्रि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानों की जांच के अनुसार पर्याप्त संख्या में कंट्रोलर की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही आवश्यक प्रकरणों में निर्धारित समय सीमा के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

आधार सेवाओं के विस्तार की समीक्षा

जिला स्तरीय आधार समितिगत समीक्षा की गई। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के जिला कार्यालय से प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े।

विद्यार्थियों के आधार कार्य प्राथमिकता से पूरे करें

बैठक में विद्यार्थियों के आधार पंजीयन और अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) के लंबित मामलों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग से सभी समन्वय कर विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनाने और लंबित अपडेट का कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से जनशिकायतों के साथ कार्य करते हुए शिकायतों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

पांच साल में बड़े महल का अधूरा जीर्णोद्धार, सामने की दीवारें संवारीं

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़



पमार-परमार राजवंश की ऐतिहासिक धरोहर बड़े महल के संरक्षण और जीर्णोद्धार का काम पांच साल बाद भी अधूरा है। पुरातत्व निगम के माध्यम से इंटेक द्वारा कराया जा रहा काम कई मशीनों से बंद पड़ा है। करीब 110 साल पुराने इस महल को संरक्षित धरोहर घोषित हुए लगभग सात साल हो चुके हैं, लेकिन अब तक सामने की कुछ दीवारों और पौधे मंडित के गलियारे की मरम्मत ही हो पाई है।

महल के अंदरूनी कक्षों, दीवारों और लकड़ी के हिस्सों का बड़ा अंश भी बाकी है। पिछली सरकार की दीवारों की स्थिति भी खराब है। करीब दस साल पहले बारिश में छत का जो हिस्सा गिरा था, उसे दोबारा बनाया गया है। इसके बावजूद इमारत अब बड़ा हिस्सा संरक्षण की प्रतीक्षा कर रहा है।

2019 में बनी थी योजना

बड़े महल के संरक्षण की रूपरेखा 2019 में तत्कालीन कलेक्टर निधि निवेदिता के कार्यकाल में तैयार हुई थी। वर्ष 2020 के अंत तक इसे इंटेक के मानकों में शामिल किया गया। वर्ष 2021 में बड़े महल, छत्र-बाग की छतरी और राजमहल के दोनों प्रवेश द्वारों के जीर्णोद्धार की जिम्मेदारी इंटेक को सौंपी गई।

52 ऐतिहासिक इमारतों को चिन्हित करने का प्रस्ताव

इंटेक की वेबसाइट के अनुसार, राजगढ़ की 52 प्राचीन इमारतों को हेरिटेज चार्म्स के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। इनमें छोटी भवन, विजय भवन, सुरंग घाट, खेड़ापति मंदिर और तोपखाना दरवाजा सहित अन्य स्थल शामिल हैं।

जिला पुरातात्विक अधिकारी हुसैन मलिक के अनुसार, बारिश के वातरण काम बंद है और नीचम अनुकूल होने पर दोबारा शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जून में निरीक्षण के दौरान कुछ कार्यों के निर्देश भी दिए गए थे। हालांकि, जीर्णोद्धार का बजट और काम पूरा होने की समय-सीमा अभी स्पष्ट नहीं है। सिंहस्थ 2028 तक काम पूरा करने का लक्ष्य बताया

उज्जैन में शिप्रा नदी में मिला करेड़ी के युवक का शव

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़।



जिले के करेड़ी निवासी 25 वर्षीय अजय रगर का शव रविवार रात उज्जैन की शिप्रा नदी में मिला। यह शनिवार को परिजनों के साथ स्नानध्यान करने और महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन गया था। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया, जहां बड़े भाई ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया।

उपलब्धी के अनुसार, अजय ने परिजनों से कहा था कि वह शिप्रा नदी में स्नान कर महाकाल के दर्शन करने के बाद लौटेगा। परिजन मंदिर के पास उसका इंतजार करते रहे, लेकिन लंबे समय तक वह नहीं लौटा। तलाश के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने अजय का फोन उठाकर रुपयों पर होने की जानकारी दी। इसके बाद संपर्क टूट गया।

परिजनों की सूचना पर उज्जैन पुलिस ने तलाश शुरू की। रविवार को नदी में किंडे ब्रज की एक्सन ब्रजय के रूप में हुई। वह करेड़ी में दुकान चलाता था।

13 साल बाद गुजरात में मिला लापता युवक, 14 साल की उम्र में बिछड़ा था

डीआर संवाददाता ■ ब्यावरा।

करीब 13 साल पहले लापता हुआ अजय अब गुजरात के सोमवी में मिल गया है। उस समय उसकी उम्र 14 साल थी। लंबे समय से उसकी तलाश कर रहे परिवार और पुलिस को आखिरकार सफलता मिली। गुजरात पुलिस सुरक्षात पुलिस की मदद से उसे बरामद कर सोमवार को लेकर पहुंची। निजामुनुसार प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे परिजनों को सौंप जाएगा।

जानकारी के अनुसार, बच्चे के लापता होने पर तलेन थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। सार्की तलाश के बावजूद सुराग नहीं मिलने पर पुलिस अधिकारी ने इनाम भी घोषित किया था। मामले की निगरानी पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने की, जबकि मिर्यंका एसडीओपी खरेलपुर द्वारा की जा रही थी।

पहचान के लिए ली सॉफ्टवेयर की मदद

समय बीतने के साथ युवक के चेहरे में बदलाव आने के कारण पहचान करना चुनौती बन गया था। ऐसे में पुलिस ने एआई आधारित सॉफ्टवेयर की मदद से उसके पुराने फोटो के आधार पर अनुमानित नया चित्र तैयार किया।

इसके बाद आधार कार्ड से मिले नाम-पते का मिलान किया गया। आगे की जानकारी जुटाने में गुजरियों की मदद से पुलिस युवक तक पहुंच सकी।

नवरात्र के पहले दिन दिखा कलियुगी बेटे का आतंक

अशोकनगर। शारदीय नवरात्र के पहले दिन चिलोकपुरी कॉलोनी में रिश्तों को तार-तार करने वाली एक वहशत देखने वाली घटना सामने आई है। एक कलयुगी बेटे ने मामूली बात पर अपनी 60 वर्षीय बुजुर्ग मां के साथ मारपीट की और गुस्से में आकर घर के बिस्तर और कपड़ों में आग लगा दी।

5 दिवसीय महोत्सव, 51 फीट की चुनरी लेकर निकली महिलाएं,

डीआर संवाददाता ■ नाचनपुर



नगर में अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंतोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पांच दिवसीय महोत्सव के दौरान विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें समाज की महिलाओं, युवाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जयंती के अवसर पर महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन की आकर्षक झांकी रुपाई गई थी। समाजजनों ने महाराजा अग्रसेन का पूजन-अर्चन कर आरती की। शोभायात्रा में महिलाएं 51 फीट लंबी चुनरी लेकर चल रही थीं, जो आयोजन का प्रमुख केंद्र रही। वहीं, वातावरण को मधुर धुन पर भजन प्रस्तुत करते कलाकारों ने गायन से श्रद्धालुओं को भक्तिमय बना दिया। भजनों की धुन पर महिला-पुरुष सुरुष करते हुए आगे बढ़ते रहे।

मावतिया माता मंदिर में चढ़ाई चुनरी

शोभायात्रा रामजस की कुलदेवी मावतिया माता मंदिर पहुंची, जो सूतरी रोड पर स्थित है। यहां श्रद्धालुओं ने माता को 51 फीट की चुनरी अर्पित कर पूजन-अर्चन एवं आरती की। इसके बाद समाज की वार्षिकता ने महाराजा अग्रसेन की आरती की गई। समाज अध्यक्ष द्वारा अवतरोहण भी किया गया।

महासभा में लिए समाजहित के निर्णय

जन्मोत्सव के अवसर पर पीपहर में समाज की महासभा आयोजित की गई। इसमें मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के विकास एवं हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय कार्यान्वयने के लिए गए।

अग्रसेन जयंती पर सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़।



नगर की आवास कॉलोनी स्थित अग्रवाल समाज धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक हजारीलाल दांगी ने घण्टाघोड़ण और ध्वज पूजन के साथ किया।

समारोह में समाज के बच्चों और युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। इसके बाद विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल, सचिव मनोज्ञेश गोयल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष निर्देदन गोयल, महिला मंडल अध्यक्ष सुषमा सिंहल और सैयानियुक्त शिक्षिका ज्योत्सना दांगी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर नंदलाल अग्रवाल, गदन खरेवाल, जितेंद्र अग्रवाल, दीपेश खरेवाल, दीपक सिंहल, धर्मेंद्र अग्रवाल, दीपक गोयल, संतोष बंसल और मनोज अग्रवाल सहित समाज के अनेक महिला पुरुष और युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशोक अग्रवाल ने किया।

जागरूक किया

प्लास्टिक की 15 हजार बोतलों से बनाई अनूठी झांकी,

कुरावर की प्रियंका कॉलोनी में श्री नव दुर्गा उत्सव समिति की पहल, कबाड़ से कलाकृति तैयार कर लोगों को किया जागरूक

डीआर संवाददाता ■ कुरावर।

नवरात्रि के पावन अवसर पर कुरावर के लक्ष्मणलिला रोड स्थित प्रियंका कॉलोनी में श्री नव दुर्गा उत्सव समिति ने अनूठी पहल की है। समिति ने प्लास्टिक की खाली पानी की बोतलों का उपयोग कर आकर्षक झांकी तैयार की है। यार्ड क्रमांक 3 और 4 में स्थापित यह झांकी अपनी अलग बनावट और रचनात्मकता के कारण लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

समिति के अनुसार, झांकी के निर्माण में करीब 10 से 15 हजार प्लास्टिक की खाली पड़ी बोतलों का इस्तेमाल किया गया है। आमतौर पर अनुपयोगी समझकर फेंक दी जाने वाली बोतलों को कलात्मक रूप देकर एक आकर्षक संरचना तैयार की गई है। इस पहल के माध्यम से लोगों को प्लास्टिक कचरे के बेहतर उपयोग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।



अनूठी मिसाल

झांकी की खासियत यह है कि इसके निर्माण में सामान्य की खपरैल सजावट के स्थान पर इस्तेमाल में आ चुकी प्लास्टिक की बोतलों को प्राथमिकता दी गई। समिति की इस पहल ने कबाड़ से उपयोगी और आकर्षक वस्तुकृति तैयार करने की सोच को सामने रखा है। इससे लोगों को प्रेरणा मिल रही है कि थोड़ी रचनात्मकता और सामूहिक प्रयास से बेकार सामग्री का भी बेहतर उपयोग किया जा सकता है।

कबाड़ से जुगाड़ की नवरात्रि उत्सव के साथ पर्यावरण जागरूकता

आयोजन से जुड़े लोगों का कहना है कि सामान्यतौर में इस तरह की बड़ी झांकी में इस तरह की छोटी और ऐसी ही दूसरी झांकी है। हालांकि, इस बारे की स्पष्ट पुष्टि नहीं हुई है। अपनी अनूठी बनावट के कारण झांकी स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी हुई है।

समिति की यह पहल धार्मिक आयोजन को पर्यावरण संरक्षण के संदेश से जोड़ती है। नवरात्रि के दौरान तैयार की गई इस झांकी के माध्यम से लोगों से प्लास्टिक कचरे को इधर-उधर फेंकने के बजाय उसके उचित प्रबंधन और पुनः उपयोग पर ध्यान देने की अपील की जा रही है। इस तरह धार्मिक उत्सव के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी दिया जा रहा है।

सिंहस्थ की तैयारी, चिंतामनेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बनेगा हॉल

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर



उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व को लेकर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में श्री चिंतामनेश्वर महादेव मंदिर विकास समिति, पेठ कुआं सारंगपुर द्वारा मंदिर परिसर में सिंहस्थ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और धार्मिक गतिविधियों के लिए 14-18 फीट के हॉल का भूमि पूजन किया गया। नवरात्रि की दूज के पावन अवसर पर मंदिर में भगवान महादेव का अभिषेक एवं पूजन-अर्चन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हॉल का निर्माण लगभग तीन लाख रुपए की लागत से श्रद्धालुओं के सहयोग से कराया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर अन्य श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों से भी आर्थिक सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर महेश पटीदार, जितेंद्र सोलंकी, सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप सालवी, जगदीश चौरसिया, रमेशचंद्र महेश्वरी, शिवनारायण मालवीय सहित मंदिर विकास समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।